समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Monday, 28 September 2026

# WWDC 2026 मे भावुक हुए टिम कुक : Apple के साथ 28 साल के सफर को किया याद, कहा- 'सबसे अच्छे दिन अभी बाकी है '

Sanket Morankar

Published on 09 Jun 2026



Apple के वार्षिक डेवलपर सम्मेलन WWDC 2026 में उस समय भावुक माहौल बन गया जब कंपनी के CEO टिम कुक ने अपने कार्यकाल का अंतिम कीनोट संबोधित किया। लगभग 28 वर्षों तक Apple से जुड़े रहे और करीब 15 वर्षों तक कंपनी का नेतृत्व करने वाले टिम कुक ने अपने सफर की यादें साझा करते हुए कहा कि Apple के भविष्य को लेकर वह बेहद आशावादी हैं और उनका मानना है कि कंपनी के सबसे अच्छे दिन अभी आने बाकी हैं।

टिम कुक ने अपने संबोधन में कहा कि CEO के रूप में उनके लिए सबसे यादगार अनुभवों में से एक डेवलपर्स और यूजर्स के सामने नई तकनीकों और टूल्स को प्रस्तुत करना रहा है। उन्होंने कहा कि जब लोग इन तकनीकों का उपयोग करके नई-नई चीजें बनाते हैं, तो वह Apple के मिशन को और अधिक सार्थक बनाता है।

उन्होंने कहा कि कल्पना की कोई सीमा नहीं होती और यही सोच Apple को लगातार आगे बढ़ाने का काम करती है। WWDC 2026 में पेश की गई नई तकनीकों और भविष्य की योजनाओं का उल्लेख करते हुए उन्होंने विश्वास जताया कि कंपनी आने वाले वर्षों में भी नवाचार की नई ऊंचाइयों को छूएगी।

टिम कुक ने अपने कार्यकाल के दौरान Apple की उपलब्धियों को भी याद किया। उन्होंने बताया कि जब उन्होंने 1998 में Apple ज्वाइन किया था, तब कंपनी एक अलग दौर से गुजर रही थी। वर्ष 2011 में CEO बनने के बाद उन्होंने Apple को नई दिशा देने का काम किया और कंपनी को दुनिया की सबसे मूल्यवान टेक कंपनियों में शामिल किया।

उनके नेतृत्व में Apple ने कई महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल कीं। Apple Music, iCloud जैसी सेवाओं का विस्तार हुआ, M-Series चिप्स के माध्यम से कंपनी ने अपने कस्टम सिलिकॉन प्लेटफॉर्म को विकसित किया और Apple Watch सहित कई नए उत्पादों के जरिए अपने इकोसिस्टम को मजबूत बनाया। इसके साथ ही Artificial Intelligence और नई डिजिटल सेवाओं के

क्षेत्र में भी कंपनी ने महत्वपूर्ण कदम उठाए।

अपने संबोधन के दौरान टिम कुक ने कहा कि ऐसी प्रतिभाशाली टीम के साथ काम करना उनके जीवन का सबसे बड़ा सम्मान रहा है। उन्होंने Apple कर्मचारियों, डेवलपर्स और ग्राहकों का धन्यवाद करते हुए कहा कि कंपनी की सफलता में सभी की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

Apple ने पहले ही घोषणा कर दी है कि 1 सितंबर 2026 से कंपनी के हार्डवेयर प्रमुख जॉन टर्नस CEO का पद संभालेंगे। टिम कुक ने इस बदलाव पर विश्वास जताते हुए कहा कि Apple मजबूत नेतृत्व और स्पष्ट विजन के साथ भविष्य की ओर बढ़ रहा है।

WWDC 2026 में टिम कुक का यह अंतिम संबोधन न केवल उनके लंबे और सफल करियर की झलक था, बल्कि Apple के भविष्य के लिए एक सकारात्मक संदेश भी था। उनके शब्दों ने यह स्पष्ट कर दिया कि तकनीकी दुनिया में Apple की नवाचार यात्रा अभी जारी है और कंपनी आने वाले वर्षों में भी नई उपलब्धियां हासिल करने के लिए तैयार है।

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Sanket Morankar, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.